**CLASS : 10th (Secondary)** **Code No. 1901**

**Series : Sec. M/2017**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

***SET : A***

# हिन्दी

*(Academic/ Open)*

(Only for Fresh Candidates)

**(Morning Session)**

*समय :* ***3*** *घण्टे ]* *[ पूर्णांक :* ***80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित प्रश्न* ***13*** *हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये* ***कोड नम्बर*** *तथा* ***सेट*** *को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/ पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है,* ***परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

***नोट :*** *(i)* ***सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं।***

*(ii) शुद्ध, सार्थक तथा तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/ शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*



Downloaded from cclchapter.com

**खण्ड – क**

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए : $2 \times 7 = 14$

(क) दीर्घ संधि के नियम सोदाहरण लिखिए।

(ख) कर्मधारय समास किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

(ग) तिरोभाव, सपूत में उपसर्ग छाँटिए।

(घ) अग्रज, आस्तिक के विलोम शब्द लिखिए।

(ङ) शिव, सूरज के ***दो-दो*** पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(च) अविकारी शब्द किसे कहते हैं ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(छ) मुहावरे/लोकोक्ति का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए –

(i) अंत भले का भला (ii) फूला न समाना

**2.** (क) अनुप्रास अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण दीजिए। 2

(ख) 'चौपाई' छंद का लक्षण लिखिए। 2

**3.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर निबंध लिखिए : 6

(क) सदाचार का महत्त्व

(ख) वायु प्रदूषण

(ग) मेरा प्रिय पड़ोसी

(घ) विज्ञान : अभिशाप या वरदान

(ङ) होली का त्यौहार

**4.** खेलों का महत्त्व बताते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए। 6

**अथवा**

विद्यालय में स्वच्छ जल की व्यवस्था हेतु मुख्याध्यापक को प्रार्थना-पत्र लिखिए।



Downloaded from cclchapter.com

## खण्ड – ख

**5.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 8 = 8$

(i) गोपियों का मन चुरा कर कौन ले गया था ?

(क) राम (ख) कृष्ण

(ग) उद्धव (घ) बलराम

(ii) गोपियों के अनुसार पहले से ही चतुर कौन था ?

(क) बलराम (ख) दुर्योधन

(ग) श्रीकृष्ण (घ) परशुराम

(iii) परशुराम लक्ष्मण का वध क्या समझकर नहीं करते ?

(क) वीर (ख) कायर

(ग) राजकुमार (घ) बालक

(iv) श्रीकृष्ण ने माथे पर क्या धारण किया हुआ था ?

(क) साफा (ख) ताज

(ग) कलगी (घ) मुकुट

(v) कवि ने 'मधुप' किसे कहा है ?

(क) मन को (ख) धन को

(ग) आकाश को (घ) धरती को

(vi) 'अट नहीं रही है' कविता में किस मास का वर्णन किया गया है ?

(क) कार्तिक (ख) सावन

(ग) फागुन (घ) आषाढ़



Downloaded from cclchapter.com

(vii) कवि की झोपड़ी में क्या खिल रहे थे ?

(क) जलजात (ख) गेंदा

(ग) गुलाब (घ) जूही

(viii) कवि ने किसको धुंधले प्रकाश की पाठिका कहा है ?

(क) पत्नी को (ख) माँ को

(ग) बेटी को (घ) बहन को

**6.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

$1 \times 5 = 5$

तारसप्तक में जब बैठने लगता है उसका गला
प्रेरणा साथ छोड़ती हुई उत्साह अस्त होता हुआ
आवाज़ से राख जैसा कुछ गिरता हुआ
तभी मुख्य गायक को ढाँढ़स बँधाता
कहीं से चला आता है संगतकार का स्वर।

(i) प्रस्तुत काव्यांश के कवि और कविता का नाम लिखिए।

(ii) प्रस्तुत काव्यांश का प्रसंग स्पष्ट कीजिए।

(iii) तारसप्तक से क्या अभिप्राय है ?

(iv) किस कारण से मुख्य गायक की आवाज़ साथ नहीं देती ?

(v) मुख्य गायक को धीरज कौन बँधाता है ?



Downloaded from cclchapter.com

**7.** निम्नलिखित काव्यांश में निहित भाव एवं शिल्प-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : $2 + 2 = 4$

यश है न वैभव है, मान है न सरमाया,

जितना ही दौड़ा तू उतना ही भरमाया।

प्रभुता का शरण-बिंब केवल मृगतृष्णा है,

हर चंद्रिका में छिपी एक रात कृष्णा है।

**8.** ऋतुराज बसंत के बालरूप का वर्णन देव (कवि) ने परम्परागत बसंत से किस प्रकार भिन्न बताया है ? 3

**अथवा**

माँ को अपनी बेटी 'अंतिम पूँजी' क्यों लग रही थी ?

**खण्ड – ग**

**9.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 8 = 8$

(i) नेताजी की मूर्ति वाले कस्बे से हालदार साहब कब गुज़रते थे ?

(क) हर सप्ताह (ख) हर पंद्रहवें दिन

(ग) हर माह (घ) हर रोज़

(ii) बालगोबिन भगत का कद कैसा था ?

(क) लम्बा (ख) छोटा

(ग) मझोला (घ) सामान्य

(iii) नवाब साहब ने खीरे की फाँकों को कैसी नज़र से देखा ?

(क) नवाबी (ख) लालची

(ग) खोई-खोई (घ) सतृष्ण

(iv) फादर बुल्के ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई किस वर्ष में छोड़ दी ?

(क) द्वितीय (ख) प्रथम



Downloaded from cclchapter.com

(ग) अंतिम (घ) तृतीय

(v) अजमेर से पहले मन्नू भण्डारी के पिताजी कहाँ रहते थे ?

(क) दिल्ली (ख) पटना

(ग) इन्दौर (घ) जयपुर

(vi) बड़े-बड़े ब्रह्मवादियों को किसने हरा दिया ?

(क) अनुसूया ने (ख) गार्गी ने

(ग) सीता ने (घ) मंडन मिश्र की पत्नी ने

(vii) अमीरुद्दीन का जन्म कहाँ हुआ ?

(क) काशी में (ख) डुमराँव में

(ग) मुंगेर में (घ) दिल्ली में

(viii) सभ्यता किसका परिणाम है ?

(क) संस्कृति का (ख) धर्म का

(ग) शिक्षा का (घ) कला का

**10.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 4 = 4$

आज़ाद हिन्द फौज के मुकदमे का सिलसिला था। सभी कॉलेजों, स्कूलों, दुकानों के लिए हड़ताल का आह्वान था। जो-जो नहीं कर रहे थे, छात्रों का एक बहुत बड़ा समूह वहाँ जाकर हड़ताल करवा रहा था। शाम को पूरा विद्यार्थी-वर्ग चौपड़ पर इकट्ठा हुआ और फिर हुई भाषणबाजी। इस बीच पिताजी के एक दकियानूसी मित्र ने घर आकर अच्छी तरह पिताजी की लू उतारी, 'अरे उस मन्नू की तो मत मारी गई है', पर भण्डारी जी आपको क्या हुआ है ?

(i) प्रस्तुत गद्यावतरण के रचयिता एवं पाठ का नाम लिखिए।

(ii) हड़ताल का आह्वान क्यों किया गया था ?

(iii) छात्रों का बड़ा समूह क्या कर रहा था ?

(iv) पिताजी के मित्र का स्वभाव कैसा था ?



Downloaded from cclchapter.com

**11.** सर्वेश्वर दयाल सक्सेना ***अथवा*** स्वयं प्रकाश का जीवन परिचय देते हुए उनकी साहित्यिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 6

**12.** शहनाई की दुनिया में डुमराँव को क्यों याद किया जाता है ? 2

**खण्ड – घ**

**13.** ***कृतिका (भाग-2)*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

$2 \times 5 = 10$

(क) 'एही ठैयाँ झुलनी हेरानी हो रामा' ! पाठ का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

(ख) टुन्नू और दुलारी का पहली बार परिचय कहाँ और किस रूप में हुआ ?

(ग) 'जॉर्ज पंचम की नाक' पाठ में निहित व्यंग्य स्पष्ट कीजिए।

(घ) लेखक के अनुसार प्रत्यक्ष अनुभव की अपेक्षा अनुभूति उनके लेखन में कहीं अधिक मदद करती है, क्यों ?

(ङ) सिक्किमी युवक ने 'कटाओ' के बारे में लेखिका को क्या बताया है ?



Downloaded from cclchapter.com

**CLASS : 10th (Secondary)** **Code No. 1901**

**Series : Sec. M/2017**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

***SET : B***

# हिन्दी

*(Academic/Open)*

(Only for Fresh Candidates)

**(Morning Session)**

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित प्रश्न **13** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

***नोट :*** *(i)* ***सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं।***

*(ii) शुद्ध, सार्थक तथा तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*



Downloaded from cclchapter.com

**खण्ड – क**

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए : $2 \times 7 = 14$

(क) विसर्ग संधि के नियम सोदाहरण लिखिए।

(ख) तत्पुरुष समास की उदाहरण सहित परिभाषा दीजिए।

(ग) अत्यन्त, भरसक में उपसर्ग छाँटिए।

(घ) आसक्त, आधुनिक के विलोम शब्द लिखिए।

(ङ) अतिथि, किरण के ***दो-दो*** पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(च) विकारी शब्द किसे कहते हैं ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(छ) मुहावरे/लोकोक्ति का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :

(i) चोर के पैर नहीं होते (ii) मान न मान मैं तेरा मेहमान

**2.** (क) उपमा अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण दीजिए। 2

(ख) मात्रिक छंद किसे कहते हैं ? 2

**3.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर निबंध लिखिए : 6

(क) परिश्रम का महत्त्व

(ख) पर्यावरण संरक्षण

(ग) आदर्श अध्यापक

(घ) कम्प्यूटर और मानव

(ङ) बसंतपंचमी उत्सव



Downloaded from cclchapter.com

**4.** व्यायाम का महत्त्व बताते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए। 6

**अथवा**

विद्यालय में शौचालय की व्यवस्था हेतु मुख्याध्यापक को प्रार्थना-पत्र लिखिए।

**खण्ड – ख**

**5.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 8 = 8$

(i) श्रीकृष्ण ने गोपियों को संदेश देने के लिए किसको भेजा है ?

(क) बलराम (ख) नंद

(ग) उद्धव (घ) अक्रूर

(ii) उद्धव को 'बड़भागी' किसने कहा है ?

(क) यशोदा माता ने (ख) कंस ने

(ग) नंद बाबा ने (घ) गोपियों ने

(iii) लक्ष्मण-परशुराम संवाद रामचरित मानस के किस कांड से उद्धृत है ?

(क) बालकांड (ख) सुंदरकांड

(ग) अयोध्याकांड (घ) लंकाकांड

(iv) श्रीकृष्ण ने पैरों में क्या पहन रखा है ?

(क) पायल (ख) कंगन

(ग) नूपुर (घ) माला



Downloaded from cclchapter.com

(v) कवि ने 'आत्मकथ्य' कविता में संसार को क्या कहा है ?

(क) शाश्वत (ख) निर्धन

(ग) सनातन (घ) नश्वर

(vi) उत्साह कविता में कवि ने किसका आह्वान किया है ?

(क) बिजली का (ख) युद्ध का

(ग) शांति का (घ) बादल का

(vii) कवि की झोपड़ी में क्या खिल रहे थे ?

(क) जलजात (ख) गुलाब

(ग) गेंदा (घ) जूही

(viii) कवि के अनुसार छाया को छूने से क्या होता है ?

(क) सुख की प्राप्ति (ख) धन की प्राप्ति

(ग) भोजन की प्राप्ति (घ) दुःख की प्राप्ति

**6.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

$1 \times 5 = 5$

माँ ने कहा पानी में झाँककर
अपने चेहरे पर मत रीझना
आग रोटियाँ सेकने के लिए है
जलने के लिए नहीं



Downloaded from cclchapter.com

वस्त्र और आभूषण शाब्दिक भ्रम की तरह

बंधन हैं स्त्री जीवन के

(i) इस काव्यांश के कवि और कविता का नाम लिखिए।

(ii) इस काव्यांश का प्रसंग स्पष्ट कीजिए।

(iii) माँ ने आग किस लिए कही है ?

(iv) माँ ने पानी में झाँककर क्या करने से मना किया है ?

(v) स्त्री जीवन के बंधन किसे कहा है ?

**7.** निम्नलिखित काव्यांश में भाव एवं शिल्प-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : 2 + 2 = 4

फसल क्या है ?

और तो कुछ नहीं है वह

नदियों के पानी का जादू है वह

हाथों के स्पर्श की महिमा है

भूरी-काली-संदली मिट्टी का गुण धर्म है।

**8.** कवि ने 'कन्यादान' कविता में किसके दुःख को प्रामाणिक कहा है और क्यों ? 3

**अथवा**

'छाया मत छूना' कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।



Downloaded from cclchapter.com

**खण्ड – ग**

**9.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 8 = 8$

(i) नेताजी की प्रतिमा किसने बनाई थी ?

(क) ड्राइवर ने (ख) पान वाले ने

(ग) थानेदार ने (घ) ड्राइंग मास्टर ने

(ii) सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा में क्या कमी रह गई थी ?

(क) टोपी नहीं थी (ख) पगड़ी नहीं थी

(ग) चश्मा नहीं था (घ) पुस्तक नहीं थी

(iii) बालगोबिन भगत किसके आदर्शों पर चलते थे ?

(क) तुलसीदास के (ख) कबीर के

(ग) सूरदास के (घ) नानक के

(iv) गाड़ी के डिब्बे में कौन बैठा था ?

(क) टिकट निरीक्षक

(ख) जेबकतरा

(ग) नवाबी नस्ल का व्यक्ति

(घ) सिपाही



Downloaded from cclchapter.com

(v) फादर कामिल बुल्के कहाँ के रहने वाले थे ?

(क) अमेरिका (ख) चीन

(ग) जापान (घ) बेल्जियम

(vi) मन्नू भण्डारी की रचना 'आपका बंटी' किस विधा के अन्तर्गत आती है ?

(क) एकांकी (ख) उपन्यास

(ग) कहानी (घ) निबंध

(vii) शकुंतला ने दुष्यन्त से कैसा विवाह किया था ?

(क) आसुरी (ख) आर्यसमाजी

(ग) गांधर्व (घ) वैदिक

(viii) शहनाई को बजाने के लिए किसका प्रयोग किया जाता है ?

(क) रीड़ (ख) पाइप

(ग) पानी (घ) बिजली

**10.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

$1 \times 4 = 4$

बड़े शोक की बात है, आजकल भी ऐसे लोग विद्यमान हैं जो स्त्रियों को पढ़ाना उनके और गृह-सुख के नाश का कारण समझते हैं। और, लोग भी ऐसे वैसे नहीं सुशिक्षित लोग – ऐसे लोग जिन्होंने बड़े-बड़े स्कूलों और शायद कॉलिजों में भी शिक्षा पाई है, जो धर्म-शास्त्र और संस्कृत के ग्रंथ-साहित्य से परिचय रखते हैं, और जिनका पेशा कुशिक्षितों को सुशिक्षित करना, कुमार्गगामियों को समार्गगामी बनाना और अधर्मियों को धर्मतत्व समझाना है।



Downloaded from cclchapter.com

(i) प्रस्तुत गद्यावतरण के लेखक और पाठ का नाम लिखिए।

(ii) लेखक ने शोक की बात किसे कहा है ?

(iii) गृह-सुख के नाश से क्या आशय है ?

(iv) 'ऐसे-वैसे' लोगों का स्त्री-शिक्षा के सम्बन्ध में क्या विचार है ?

**11.** यशपाल ***अथवा*** मन्नू भण्डारी का जीवन परिचय देते हुए उनकी साहित्यिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 6

**12.** 'लखनवी अंदाज़' पाठ में निहित व्यंग्य स्पष्ट कीजिए। 2

**खण्ड – घ**

**13.** ***कृतिका (भाग-2)*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) खेल खेलते हुए बच्चे पिता को देखकर क्यों भाग खड़े होते हैं ?

(ख) जॉर्ज पंचम की लाट को नाक लगाने के लिए मूर्तिकार ने क्या-क्या यत्न किए ?

(ग) 'गंतोक' को मेहनतकश बादशाहों का शहर क्यों कहा गया है ?

(घ) कठोर हृदयी समझी जाने वाली दुलारी टुन्नू की मृत्यु पर क्यों विचलित हो उठी ?

(ङ) टुन्नू और दुलारी का पहली बार परिचय कहाँ और किस रूप में हुआ ?



Downloaded from cclchapter.com

**CLASS : 10th (Secondary)** **Code No. 1901**

**Series : Sec. M/2017**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

***SET : C***

# हिन्दी

*(Academic/Open)*

(Only for Fresh Candidates)

**(Morning Session)**

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित प्रश्न **13** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/ पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

***नोट :*** *(i)* ***सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं।***

*(ii) शुद्ध, सार्थक तथा तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*



Downloaded from cclchapter.com

**खण्ड – क**

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए : $2 \times 7 = 14$

(क) स्वर संधि किसे कहते हैं ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(ख) निकृष्ट, कमसिन में उपसर्ग छाँटिए।

(ग) कर्मधारय समास किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

(घ) प्रवृत्ति, रहित के विलोम शब्द लिखिए।

(ङ) जल, मदिरा के ***दो-दो*** पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(च) अविकारी शब्द किसे कहते हैं ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(छ) मुहावरे/लोकोक्ति का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :

(i) अक्ल का दुश्मन (ii) नानी याद आना

**2.** (क) 'रूपक' अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण दीजिए। 2

(ख) 'दोहा' छंद का लक्षण लिखिए। 2

**3.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर निबंध लिखिए : 6

(क) अनुशासन का महत्त्व

(ख) प्रदूषण की समस्या

(ग) मेरा प्रिय लेखक

(घ) विज्ञान : वरदान या अभिशाप

(ङ) दीपावली



Downloaded from cclchapter.com

**4.** समय के सदुपयोग का महत्त्व बताते हुए अपने अनुज को एक पत्र लिखिए। 6

**अथवा**

विद्यालय में स्वच्छ जल की व्यवस्था हेतु मुख्याध्यापक को प्रार्थना-पत्र लिखिए।

**खण्ड – ख**

**5.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 8 = 8$

(i) गोपियों के लिए योग का संदेश लेकर कौन गया था ?

(क) नन्द (ख) उद्धव

(ग) बलराम (घ) कंस

(ii) उद्धव को बड़भागी कहने में कौन-सा भाव निहित है ?

(क) पूजा का (ख) गुस्से का

(ग) प्रशंसा का (घ) व्यंग्य का

(iii) परशुराम को किसको देखकर गुस्सा आया था ?

(क) लक्ष्मण को (ख) जनक को

(ग) टूटे हुए धनुष को (घ) स्वयंबर को

(iv) श्रीकृष्ण की कमर में क्या बंधी हुई थी ?

(क) पायल (ख) हार

(ग) कपड़ा (घ) तगड़ी



Downloaded from cclchapter.com

(v) आत्मकथ्य कविता में मधुप किसको कहा गया है ?

(क) भौंरा को (ख) मन को

(ग) पवन को (घ) आग को

(vi) कवि ने बादलों के हृदय में कैसी छवि बताई है ?

(क) सुनहरी (ख) काली

(ग) सफेद (घ) विद्युत

(vii) किसके प्राणों का स्पर्श पाकर कठिन पाषाण पिघल गया होगा ?

(क) कवि के (ख) माता के

(ग) पिता के (घ) बच्चे के

(viii) माँ की अंतिम पूँजी किसे कहा गया है ?

(क) बेटी को (ख) सास को

(ग) बेटे को (घ) बहन को

**6.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

$1 \times 5 = 5$

जीवन में हैं सुरंग सुधियाँ सुहावनी
छवियों की चित्र गंध फैली मनभावनी;
तन-सुगंध शेष रही, बीत गई यामिनी
कुंतल के फूलों की याद बनी चाँदनी



Downloaded from cclchapter.com

भूली-सी एक धुवन बनता हर जीवित क्षण

(i) प्रस्तुत काव्यांश के कवि और कविता का नाम लिखिए।

(ii) इस काव्यांश का प्रसंग स्पष्ट कीजिए।

(iii) जीवन में सुधियाँ कैसी हैं ?

(iv) चाँदनी को देखकर कवि को किसकी याद आती है ?

(v) यामिनी के बीत जाने पर शेष क्या रहा है ?

**7.** निम्नलिखित काव्यांश में निहित भाव एवं शिल्प-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : $2 + 2 = 4$

तुम्हारी यह दंतुरित मुस्कान

मृतक में भी डाल देगी जान

धूलि-धूसर तुम्हारे ये गात ............

छोड़कर तालाब मेरी झोपड़ी में खिल रहे जलजात।

**8.** कवि ने फसल को क्या कहा है ? 3

**अथवा**

'उत्साह' कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

**खण्ड – ग**

**9.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 8 = 8$

(i) हालदार साहब कस्बे में क्यों रुकते थे ?



Downloaded from cclchapter.com

(क) सिनेमा देखने के लिए

(ख) पान खाने के लिए

(ग) आराम करने के लिए

(घ) कंपनी के काम के लिए

(ii) नेताजी की प्रतिमा किस वस्तु से बनी थी ?

(क) लोहे से (ख) मिट्टी से

(ग) चाँदी से (घ) संगमरमर से

(iii) बालगोबिन भगत के संगीत को लेखक ने क्या कहा है ?

(क) उपदेश (ख) लहर

(ग) जादू (घ) शहनाई

(iv) नवाब साहब ने खीरे की फाँकों को खिड़की के बाहर क्यों फेंक दिया ?

(क) कड़वी होने के कारण

(ख) खराब होने के कारण

(ग) रईसों का अंदाज़ दिखाने के लिए

(घ) मूर्खता के कारण

(v) लेखक ने 'देवदारू' किसे कहा है ?

(क) पेड़ को (ख) पर्वत को

(ग) नदी को (घ) फादर कामिल बुल्के को



Downloaded from cclchapter.com

(vi) मन्नू भण्डारी के मन में कौन-सी हीन भावना ग्रंथी बन गई थी ?

(क) काले रंग की होना

(ख) छोटे कद की होना

(ग) आँखों पर चश्मा लगा होना

(घ) पढ़ाई में कमज़ोर होना

(vii) शकुंतला ने किसे कटु वाक्य कहे थे ?

(क) दुष्यन्त को		(ख) दुर्वासा को

(ग) अपनी माता को		(घ) अपने पिता को

(viii) संस्कृत व्यक्ति को लेखक ने क्या कहा है ?

(क) परिश्रमी		(ख) विचारवान

(ग) परोपकारी		(घ) वीर

**10.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

$1 \times 4 = 4$

बालगोबिन भगत की संगीत साधना का चरम उत्कर्ष उस दिन देखा गया जिस दिन उनका बेटा मरा। इकलौता बेटा था वह। कुछ सुस्त और बोदा-सा था, किन्तु इसी कारण बालगोबिन भगत उसे और भी मानते। उनकी समझ में ऐसे आदमियों पर ही ज़्यादा नज़र रखनी चाहिए या प्यार करना चाहिए, क्योंकि ये निगरानी और मुहब्बत के ज्यादा हकदार होते हैं।

(i) प्रस्तुत गद्यांश के लेखक एवं पाठ का नाम लिखिए।

(ii) बालगोबिन भगत की संगीत साधना का उत्कर्ष कब देखा गया ?



Downloaded from cclchapter.com

(iii) बालगोबिन भगत अपने बेटे को किस कारण अधिक प्यार करते थे ?

(iv) बालगोबिन भगत के अनुसार कैसे आदमियों पर ज़्यादा निगरानी की आवश्यकता है ?

**11.** रामवृक्ष बेनीपुरी ***अथवा*** महावीर प्रसाद द्विवेदी के जीवन और साहित्यिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 6

**12.** 'नेताजी का चश्मा' पाठ में निहित संदेश स्पष्ट कीजिए। 2

**खण्ड – घ**

**13.** ***कृतिका (भाग-2)*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

$2 \times 5 = 10$

(क) 'माता का अँचल' पाठ का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

(ख) जॉर्ज पंचम की नाक को पुनः लगाने के लिए मूर्तिकार द्वारा किए गए प्रयासों का वर्णन कीजिए।

(ग) लाँग स्टॉक में घूमते हुए चक्र को देखकर लेखिका को पूरे भारत की आत्मा एक-सी क्यों दिखाई दी ?

(घ) भारत के स्वाधीनता आंदोलन में दुलारी और टुन्नू ने अपना योगदान किस प्रकार दिया ?

(ङ) लेखक को कौन-सी बातें लिखने के लिए प्रेरित करती हैं ?



Downloaded from cclchapter.com

**CLASS : 10th (Secondary)** **Code No. 1901**

**Series : Sec. M/2017**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

**SET : D**

# हिन्दी

*(Academic/Open)*

(Only for Fresh Candidates)

**(Morning Session)**

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित प्रश्न **13** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

***नोट :** (i) **सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं।***

*(ii) शुद्ध, सार्थक तथा तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*



Downloaded from cclchapter.com

**खण्ड – क**

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए : $2 \times 7 = 14$

(क) शब्द एवं पद में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(ख) व्यंजन संधि के नियम सोदाहरण लिखिए।

(ग) द्विगु समास किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

(घ) प्रसिद्ध, कमज़ोर में उपसर्ग छाँटिए।

(ङ) अथ, आविर्भाव के विलोम शब्द लिखिए।

(च) सुंदर, घर के ***दो-दो*** पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(छ) मुहावरे/लोकोक्ति का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :

(i) रात दिन एक करना (ii) आ बैल मुझे मार

**2.** (क) उपमा अलंकार की परिभाषा सोदाहरण लिखिए। 2

(ख) मात्रिक छंद किसे कहते हैं ? 2

**3.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर निबंध लिखिए : 6

(क) परीक्षा में नकल की बुराई

(ख) दूरदर्शन के लाभ और हानि

(ग) मेरा प्यारा भारत

(घ) महँगाई की समस्या

(ङ) हमारा गणतंत्र-दिवस आयोजन



Downloaded from cclchapter.com

**4.** परोपकार का महत्त्व बताते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए। 6

**अथवा**

पुस्तकालय में पुस्तकों की व्यवस्था हेतु मुख्याध्यापक को प्रार्थना-पत्र लिखिए।

**खण्ड – ख**

**5.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 8 = 8$

(i) 'अपरस रहत सनेह तगा' में 'तगा' का अर्थ है :

(क) धागा (ख) प्रेम

(ग) सगा (घ) टूटना

(ii) उद्धव गोपियों को कौन-सा संदेश देते हैं ?

(क) प्रेम का (ख) मोक्ष का

(ग) भक्ति का (घ) योग साधना का

(iii) परशुराम के क्रोध को शांत करने का प्रयास किसने किया ?

(क) जनक ने (ख) दशरथ ने

(ग) श्रीराम ने (घ) लक्ष्मण ने

(iv) देव (कवि) ने दूसरे कवित्त (डार द्रुम ....... चटकारी दै) में किसके सौंदर्य का वर्णन किया है ?

(क) श्रीकृष्ण के (ख) राधा के

(ग) चाँदनी रात के (घ) राम के



Downloaded from cclchapter.com

(v) 'आत्मकथ्य' कविता में कवि किसका स्वप्न देखकर जाग गया था ?

(क) धन का (ख) भूत का

(ग) सुख का (घ) परीक्षा का

(vi) 'अट नहीं रही है' कविता में हटाने पर भी क्या नहीं हट रही है ?

(क) आभा (ख) रोशनी

(ग) जाला (घ) आँख

(vii) मधुपर्क किसकी उँगलियाँ कराती हैं ?

(क) पिता की (ख) माँ की

(ग) कवि की (घ) भाई की

(viii) कवि ने अपनी आत्मकथा को कैसी बताया है ?

(क) महान (ख) भोली

(ग) गौरवशाली (घ) चंचल

**6.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

$1 \times 5 = 5$

तुम्हारी यह दंतुरित मुस्कान
मृतक में भी डाल देगी जान
धूलि-धूसर तुम्हारे ये गात ............
छोड़कर तालाब मेरी झोपड़ी में खिल रहे जलजात



Downloaded from cclchapter.com

परस पाकर तुम्हारा ही प्राण

पिघलकर जल बन गया होगा कठिन पाषाण।

(i) इस काव्यांश के कवि और कविता का नाम लिखिए।

(ii) इस काव्यांश का प्रसंग स्पष्ट कीजिए।

(iii) मृतक में क्या चीज़ जान डाल देगी ?

(iv) 'जलजात' शब्द का प्रयोग कवि ने किसलिए किया है ?

(v) पाषाण पिघलकर जल क्यों बन गया होगा ?

**7.** निम्नलिखित काव्यांश में निहित भाव एवं शिल्प-सौंदर्य को स्पष्ट कीजिए : $2 + 2 = 4$

वस्त्र और आभूषण शब्दिक भ्रमों की तरह

बंधन हैं स्त्री जीवन के

माँ ने कहा लड़की होना

पर लड़की जैसी दिखाई मत देना।

**8.** 'उत्साह' शीर्षक कविता का सार लिखिए। 3

**अथवा**

परशुराम ने लक्ष्मण को वध करने योग्य क्यों कहा है ?

**खण्ड – ग**

**9.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 8 = 8$



Downloaded from cclchapter.com

(i) देशभक्ति की भावना किस पर निर्भर करती है ?

(क) धन पर (ख) बल पर

(ग) शान पर (घ) मन पर

(ii) ड्राइंग मास्टर का क्या नाम था ?

(क) मोतीलाल (ख) जोतिलाल

(ग) प्रेमपाल (घ) जगतपाल

(iii) बालगोबिन भगत के गीतों में कौन-सा भाव व्यक्त होता था ?

(क) सौन्दर्य का (ख) क्रोध का

(ग) विरह का (घ) ईश्वर भक्ति का

(iv) नवाब साहब ने खीरे का स्वाद कैसे प्राप्त किया ?

(क) खाकर (ख) सूंघकर

(ग) देखकर (घ) सुनकर

(v) फादर कामिल बुल्के के कितने भाई थे ?

(क) दो (ख) तीन

(ग) एक (घ) पाँच

(vi) मन्नू भण्डारी के पिताजी अजमेर के कौन-से मोहल्ले में रहते थे ?

(क) माडल टाउन (ख) कैम्प

(ग) भानुपुरा (घ) ब्रह्मपुरी



Downloaded from cclchapter.com

(vii) त्रिपिटक ग्रंथों की रचना किसने की थी ?

(क) बौद्धों ने (ख) जैनों ने

(ग) नाथों ने (घ) सिद्धों ने

(viii) जिस भाषा में शकुंतला ने श्लोक रचा था वह किसकी भाषा थी ?

(क) पढ़े-लिखों की (ख) अपढ़ों की

(ग) नागरिकों की (घ) संस्कृत के विद्वानों की

**10.** निम्नलिखित गद्यावतरण को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 4 = 4$

पुराने ज़माने में विमान उड़ते थे। बताइए उनके बनाने की विद्या सिखाने वाला कोई शास्त्र! बड़े-बड़े जहाज़ों पर सवार होकर लोग द्वीपांतरों को जाते थे। दिखाइए, जहाज़ बनाने की नियमबद्ध प्रणाली के दर्शक ग्रंथ। पुराणादि में विमानों और जहाज़ों द्वारा की गई यात्राओं के हवाले देखकर उनका अस्तित्व तो हम बड़े गर्व से स्वीकार करते हैं, परन्तु पुराने ग्रंथों में अनेक पंडिताओं के नामोल्लेख देखकर भी कुछ लोग भारत की तत्कालीन स्त्रियों को मूर्ख, अपढ़ और गँवार बताते हैं। इस तर्कशास्त्रज्ञता और न्यायशीलता पर बलिहारी!

(i) प्रस्तुत गद्यावतरण के रचयिता एवं पाठ का नाम लिखिए।

(ii) पुराने ज़माने में क्या उड़ते थे ?

(iii) लोग द्वीपांतरों को कैसे जाते थे ?

(iv) हम बड़े गर्व से क्या स्वीकार करते हैं ?

**11.** महावीर प्रसाद द्विवेदी ***अथवा*** यतीन्द्र मिश्र का जीवन-परिचय देते हुए उनकी साहित्यिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 6

**12.** पठित पाठ के आधार पर सभ्यता और संस्कृति में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 2



Downloaded from cclchapter.com

**खण्ड – घ**

**13.** *कृतिका (भाग-2)* के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

$2 \times 5 = 10$

(क) आपके विचार से भोलानाथ अपने साथियों को देखकर सिसकना क्यों भूल जाता है ?

(ख) रानी एलिज़ाबेथ के दरज़ी की परेशानी का क्या कारण था ?

(ग) झिलमिलाते सितारों की रोशनी में नहाया 'गंतोक' लेखिका को किस तरह सम्मोहित कर रहा था ?

(घ) 'एही ठैयाँ झुलनी हेरानी हो रामा' का प्रतीकार्थ स्पष्ट कीजिए।

(ङ) लेखक को कौन-सी बातें लिखने के लिए प्रेरित करती हैं ?



Downloaded from cclchapter.com